Lord Mayor of Sydney
CLOVER MOORE

Sydney Town Hall

GPO Box 1591
Sydney NSW 2001 Australia
Phone 02 9265 9229 Fax 02 9265 9328
Email cmoore@cityofsydney.nsw.gov.au

CITY OF SYDNEY

यहाँ रहने और कार्य करने वाले लोगों की ओर से, आपका सिडनी में स्वागत करते हुए हमें हर्ष हो रहा है – सिडनी जो कि दुनिया के अत्यंत रोचक और विविधतापूर्ण नगरों में से एक है।

हमारे समुदाय के अंतर्गत, 180 से भी अधिक देशों के लोग शामिल हैं। संस्कृतियों, इतिहासों, अनुभवों और कहानियों के इस अद्भुत संगम के कारण हमारा यह नगर रहने, घूमने, कार्य और अध्ययन करने की दृष्टि से एक शानदार स्थल बन गया है।

अपनी अद्‌वितीय जीवन-शैली के कारण, शिक्षा की दृष्टि से सिडनी ऑस्ट्रेलिया का एक अत्यंत रोचक गंतव्य है। हमारे पास हैं अग्रणी शोध-अध्ययन सुविधाएँ और बहुत ही अच्छे अनुदेशक (इंस्ट्रक्टर्स) जो विदेशी छात्रों के लिए शिक्षा के शानदार अवसर उपलब्ध कराते हैं।

अपने कैफ़े, शॉप्स, बार और रेस्टोरेंट इत्यादि की व्यापक श्रृंखलाओं के साथ, सिडनी आपके लिए पेश करता है एक अनुपम जीवन-शैली और साथ ही कला, संस्कृति और प्राकृतिक वातावरण से भरपूर प्रेरणा जो पूरे ऑस्ट्रेलिया में सबसे बेहतरीन है।

सिडनी अवसरों और संभावनाओं से जीवन्त शहर है। यहाँ अपने अध्ययन के दौरान आप खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी लुत्फ़ उठा सकेंगे जिनमें शामिल हैं हमारे नववर्ष के समारोह और एशिया से बाहर मनाया जाने वाला सबसे विशाल चायनीज़ नववर्ष उत्सव।

मैं आपको अपने स्थानीय समुदाय में शामिल होने और अपने अनुभव को समृद्ध करने एवं स्थानीय संस्कृति और लोगों के बारे में ज्यादा गहराई से जानने के लिए स्वयंसेवा के अवसरों में भाग लेने के लिए भी प्रोत्साहित करता हूँ।

इस गतिशील, सुगम और सुरक्षित शहर को बस ऐसे लोगों का इंतजार है जो उसे और करीब से जानें -- हमारे शानदार नगर में आपका हार्दिक स्वागत है!

Clover Moore

सिडनी के लॉर्ड मेयर
क्लोवर मूर

city of villages